SABGURU NEWS

RNI TATLE CODE NO.RAJBIL27046

सबगुरु न्यूज़ डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म

फेसबुक पेज लिंक https://www.facebook.com/sabgurunews

वेबसाइट लिंक https://www.sabguru.com

यूट्यूब चैनल लिंक

https :// www. youtube .com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/

English Article Link: https :// www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

सम्पादक -विजय सिंह

मो. 9887907277 Email ID.sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

24 घंटे समाचारों का अपडेट

QRCode स्कैन कर website पर visit करें

वर्ष 1 | अंक 3 | अजमेर, मंगलवार 25 जुलाई 2023 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4


## राजस्थान की कांग्रेस सरकार के काम से बने माहौल से बौखलाई भाजपा -अशोक गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी पर झूठ बोलकर राज्य की कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह राज्यसरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं एवं उसके फैसलों से प्रदेश में बने माहौल से घबराई गई है और जनता को गुमराह करने में लगी है। गहलोत न्यूनतम आय गारंटी विधेयक के विधानसभा में पारित होने एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए ऐसा कानून बनाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बनने के उपलक्ष्य में शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार जिस तरह से एक के बाद एक ऐतिहासिक योजनाएं लाकर लोगों को लाभांवित कर अपनी छाप छोड़ रही हैं और प्रदेश में जो माहौल बना हैं उससे भाजपा के लोग बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा नेता बार बार राजस्थान आ रहे हैं और झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने भाजपा के अभियान नहीं सहेगा राजस्थान का जिक्र करते हुए कहा कि अब भाजपा को नहीं सहेगी राजस्थान की जनता क्योंकि उन्होंने निकम्मापन दिखाया है और उसने जनता के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश में इतनी योजनाएं लाई गई हैं जिसकी पूरे देश में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में योजनाओं की घोषणाएं ही नहीं हुई बल्कि इन्हें धरातल पर उतारकर लोगों को फायदा भी पहुंचाया गया हैं और इस कारण प्रदेश में सरकार के पक्ष में माहौल बना हैं जिससे भाजपा के लोग घबरा गए। उन्होंने कहा कि उनके पास



कहने को कुछ नहीं हैं इस कारण वे बौखलाकर राज्य सरकार पर धावा बोला है और रटी-रटाई बातें बोलते हैं।

उन्होंने कहा कि हर राज्य में विपक्ष बोलता है कि भ्रष्टाचार बढ़ गया है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गए हैं। इस तरह ये लोग रटी.रटाई बातें कर रहे हैं। यहां के नेताओं को प्रधानमंत्री और शाह को जवाब देना पड़ता है कि सरकार के खिलाफ मुद्दा क्यों नहीं बनाया। इसलिए भाजपा के नेता बार बार राजस्थान में कानून व्यवस्था को लेकर मुद्दा उठा रहे है लेकिन इसका जनता पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। कितने ही झूठ बोलो लेकिन भाजपा का जनता में असर ही नहीं है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते कहा कि भाजपा राजस्थान में सभी थानों में एफआईआर अनिवार्य करने से अपराध के बढ़े आंकड़ों का दुरुपयोग करने लगी है और कह रही है कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहा हैं लेकिन ऐसा नहीं है। वह सरकार के खिलाफ गलत माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर राजस्थान की स्थिति अच्छी है और राजस्थान में अनिवार्य एफआईआर लागू करने का इंपेक्ट पूरे देश के अंदर है। उन्होंने कहा कि हमारे नवाचारों की वजह से तफ्तीश का समय कम हो गया। भाजपा के लोग सरकार को झूठा बदनाम करने के लिए रोज मीडिया से बात करते हैं और उसी रूप में जनता को गुमराह करने का अभियान चला रखा है।

गहलोत ने कहा कि हमारी योजनाओं और फैसलों से घबरा कर बीजेपी के लोगों ने तय किया है कि कांग्रेस सरकार को किस तरह से बदनाम किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान न्यूनत आय गारंटी योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। कल ही हमने विधानसभा में बिल पास किया है। देश के बुजुर्ग असहाय सहित आम आदमी को एक मिनिमम आय की गारंटी होनी चाहिए। यह एक्ट पूरे देश में लागू होना चाहिए। प्रधानमंत्री को भी पत्र भी लिखा गया था कि वह सोशल सिक्योरिटी एक्ट लागू करें।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो सोशल सिक्योरिटी की थीम को आगे बढ़ाएंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिस तरह से कहा था कि न्याय योजना से हर व्यक्ति को तय पैसा मिलना चाहिए। केंद्र में हमारी सरकार नहीं बनीए लेकिन वह थीम हम आगे बढ़ाएंगे। हम चाहते हैं कि सोशल सिक्योरिटी को लेकर लगातार काम करें। हमारी सरकार दोबारा बनेगी तो हम इस योजना को और आगे बढ़ाएंगे।

## कांग्रेस को भाजपा और राजेन्द्र सिंह गुढ़ा में सांठगांठ का अंदेशा

जयपुर। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और हाल में मंत्री पद से बर्खास्त राजेन्द्र सिंह गुढ़ा में कहीं कोई सांठगांठ तो नहीं हैं इसकी जांच की जाएगी।रंधावा ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कल मणिपुर को लेकर हमारे विधायक बोल रहे थे तब हमारे एक मंत्री ने कहा कि मणिपुर को छोड़िए राजस्थान की बात कीजिए। उनकी ऐसी भाषा थी जैसी प्रतिपक्ष के नेता बात करते हैं।उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि मंत्री परिषद का सदस्य बयान देता है तो यह पूरी सरकार का बयान है लेकिन गुढ़ा हमारी सरकार की भावना के साथ नहीं हैं। पहले भी कई बार ऐसी बातें हो चुकी थी और मैंने गुढ़ा को हिदायत दी थी लेकिन फिर भी यह घटना हुई। मुझे नहीं लगता उनके दिमाग से बीएसपी निकली है। उनसे पहले और बाद में नेता प्रतिपक्ष ने अपनी प्रतिक्रिया दी



है ऐसे में लगता है कि कहीं दोनों की सांठगांठ तो नहीं हैए इसकी जांच की जाएगी। रंधावा ने कहा कि पार्टी में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है लेकिन अनुशासन जरूरी है। पार्टी के अंदर कोई भी बोल सकता है लेकिन बार.बार पार्टी के बाहर सार्वजनिक मंच पर पार्टी विरोधी बात करना गलत है। गुढ़ा को कांग्रेस से निष्कासित के सवाल पर रंधावा ने कहा कि जल्द ही आपके पास संदेश आ जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर राजनीति में चलना है तो सुधरना चाहिए। कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा के बयान को लेकर किए गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मदेरणा परिवार कांग्रेसी परिवार है और उनके दादा परसराम मदेरणा के समय से कभी भी पार्टी विरोधी बात नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि नौजवान नेता बहुत सेंसिटिव होते हैं और उन्होंने अपने एरिया की बात कीए वह उनके सेंटीमेंट थे लेकिन उन्होंने कभी पार्टी के खिलाफ बात नहीं की है। रंधावा ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कहा कि मणिपुर में पिछले दो महीने से वहां लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं और महिलाओं की तस्वीरें शर्मसार करने वाली आई है। उन्होंने कहा कि वहां के मुख्यमंत्री का कहना है कि ऐसे तो सौ केस हो जाते हैं। यह बहुत शर्मनाक बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर की घटना को राजस्थान से जोड़ा जो शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि वहां सुरक्षा की तैनाती भी भारी होने की बात कही जा रही है लेकिन इसके बावजूद स्थिति नियंत्रण में नहीं आ रही है तो अब तक तो रा'य सरकार को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए था।

## राजेन्द्र सिंह राठौड़ भाजपा के ही खिलाफ रचते है साजिश -डोटासरा

जयपुर। राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ पर भारतीय जनता पार्टी के ही खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह भाजपा संगठन का अतिक्रमण कर रहे हैं। डोटासरा ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान की विधानसभा चल रही है और राठौड़ को वहां बोलना चाहिए लेकिन वह बाहर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी उनके मुंह की तरफ ताक रहे हैं। उन्होंने कहा कि राठौड़ भाजपा संगठन का अतिक्रमण कर रहे हैं और भाजपा में कोई बोल नहीं पा रहा है जबकि भाजपा की बात भी हमको बोलनी नहीं पड़ रही है। उन्होंने कहा कि संगठन को तो बख्शो।उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राठौड़ भाजपा के खिलाफसाजिश रचते हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे



एवं सीपी जोशी के खिलाफ साजिश रचते है और मेरे जैसे किसान के बेटे के खिलाफ भी साजिश रचते हैं और वह पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिर भाजपा नेता सतीश पूनियां जोशी एवं राजे कहां बोलेंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राठौड़ ने संगठन को हाईजैक कर लिया है और भाजपा व्यक्ति विशेष का संगठन बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में मुख्यमंत्री पद के दावेदार की होड़ मची हुई और नौ.दस मुख्यमंत्री बने घूम रहे हैं।

हाल में मंत्री पद से बर्खास्त राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के मामले में कहा कि हमारे आदमी से क्या सांठगांठ की गई है आपको क्या पता कि गुढ़ा इस समय यह बोलेगाए यह जांच का विषय है।

उन्होंने कहा कि राठौड़ ने हमारे किसी नेता को सुबह आठ बजे फोन करके कहा था कि आज हम बड़ा धमाका करने वाले हैं। इससे लगता है कि यह साजिश करने वाली पार्टी है।डोटासरा ने आरोप लगाते हुए कहा कि मणिपुर की देश को हिला देने वाली घटना जो सबको शर्मसार कर रही थी उसे राजस्थान में हुई एक.दो घटनाओं से जोड़कर इस मुद्दे को डायल्यूट किया गया है।

## नागपुर के व्यापारी ने ऑनलाइन जुए में 58 करोड़ रुपए गंवाए

नागपुर। महाराष्ट्र में नागपुर पुलिस ने ऑनलाइन जुए में 58 करोड़ रुपए गवांने वाले एक व्यापारी को धोखा देने वाले सट्टेबाज के घर से 17 करोड़ रुपए नकद के साथ 14 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अनंत उर्फ सोंटू नवरतन जैन एक सट्टेबाज है जिसने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म बनाया था। जिसके बारे में संदेह है कि वह नागपुर से 160 किलोमीटर दूर गोंदिया शहर में उसके आवास पर छापे से एक दिन पहले दुबई भाग गया। जैन ने स्पष्ट रूप से शिकायतकर्ता यानी उस व्यवसायी को पैसे कमाने के एक आकर्षक रास्ते के रूप में ऑनलाइन जुए का पता लगाने के लिए मना लिया। अधिकारी ने कहा कि पहले तो कारोबारी झिझक रहा था लेकिन बाद में उसे निवेश के लिए मना लिया गया और उसने एक हवाला एजेंट के जरिए 8 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।उन्होंने बताया कि जैन ने व्यवसायी को ऑनलाइन जुआ खाता खोलने के लिए व्हाट्सएप पर एक लिंक प्रदान किया। व्यवसायी को खाते में 8 लाख रुपए जमा मिले और उसने जुआ खेलना शुरू कर दिया। अधिकारी ने कहा कि शुरुआती सफलता के बाद व्यवसायी की किस्मत में भारी गिरावट आई क्योंकि उसे 58 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हुआए जबकि वह केवल 5 करोड़ रुपए ही जीत पाया।लगातार घाटे में जाने के बाद व्यवसायी को संदेह हुआ और उसने अपने पैसे वापस मांगे लेकिन जैन ने इनकार कर दिया। व्यवसायी ने इस संबंध में साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराईए जिसके बाद भारतीय दंड संहिता ;आईपीसी के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। गोंदिया में जैन के आवास पर छापा मारा और घर से 17 करोड़ रुपए नकद सोने के बिस्कुट और आभूषण के रूप में 14 किलोग्राम सोना और 200 किलोग्राम चांदी बरामद की। हालांकि जैन ने पुलिस को चकमा दे दिया और ऐसा संदेह है कि वह दुबई भाग गया है।

## सम्पादकीय

# ख्वाजा की नगरी के बाशिंदे राम भरोसे

विजय सिंह

स्मार्ट सिटी बनने को लेकर संजोए गए सपने को मानसूनी बरसात की पहली खेप अपने साथ बहाकर ले गई है। अजमेर का कोई गली मोहल्ला ऐसा नहीं रहा जिसका बरसाती पानी की आफ्त से सामना ना हुआ हो। निचले इलाकों के साथ इस बार पॉश कालोनियों में रहने वाले बाशिंदे भी त्राहि माम त्राहि माम करने लगे। खासकर अनासागर से उफ्ने सैलाब ने ना केवल वैशाली नगर में कोहराम मचाया बल्कि पानी की निकासी के लिए बने एस्केप चैनल के किनारे बसे रहवासियों को उनके घरों में बंधक बना दिया। लाखों का नुकसान हुआ सो अलग। समीपवर्ती गांवों तक कोहराम मच गया।

नगर निगम अजमेर की मानसून को लेकर की गई तैयारियां ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुईं। लाल बिल्डिंग के वातानुकूलित कमरे में सत्ता सुख का आनंद ले रहीं प्रथम नागरिक ;महापौर ने शहर की चीरफाड़ कर बनाए गए 80 वार्डों में से किसी के लिए भी राहत का पिटारा नहीं खोला। शहर में गड्डे और खड्डे का अंतर मिट गया। जगह जगह उखडी सड़कें पैबंद की बांट जोह रही हैं। निगम की बेरुखी से साफ लग रहा है कि बरसाती मौसम की विदाई तक शहर की जनता यूं ही कराहती रहेगी और लिफाफे बांटने और लिफाफे लेने वाले घड़ियाली आंसू बहाते रहेंगे।

दीगर बात यह है कि सयाने लोग भी मानसूनी बरसात से बिगड़े हालात के लिए स्मार्ट सिटी के बेजान अफसरों और नाकारा प्रशासन को कोस रहे हैं। कमीशनखोर नेताओं और सरकारी कारिंदों को इससे कोई इत्तेफाक नहीं कि अजमेर के स्मार्ट सिटी का सपना साकार होगा भी या नहीं। हाल ही एलिवेटेड पर बनाई गई समतल सड़क पर जानलेवा स्पीड ब्रेकर बनवा दिए जो स्मार्ट सिटी के स्मार्ट इंजीनियरों की समझ का नायाब नमूना है। इसमें यातायात पुलिस का योगदान कितना है यह भी सामने आना चाहिए।ये स्पीड ब्रेकर एम्बुलेंस के पहियों को थाम देते हैं निसंदेह इनके कारण कई सांसे अस्पताल पहुंचने से पहले ही गई उखड़ जाने की नौबत आ जाती है। ट्रैफिक पुलिस की गुमटी स्थापित कर एलिवेटेड रोड के यातायात को साधने के दावे भी खोखले साबित हुए। एलिवेटेड रोड बनने का बाद तय हुआ कि आखिर ट्रैफिक को गुजारा कैसे जाए। नित नए प्रयोग हो रहे हैं। कभी डिवाइडर बनते हैं तो कभी टूटते हैं। भला हो सरकार का जिसने छांट.छांटकर अफसर अजमेर की छाती पर छोड़ रखे हैं। लकीर के फकीर ये अफसर ट्रैफिक व्यवस्था तो सम्भाल नहीं सकते जनता को सहूलियत देने का जिम्मा क्या खाक सम्भालेंगे। आलम यह है कि ख्वाजा की नगरी के बाशिंदों को राम भरोसे छोड़ दिया गया है।

# रेलवे अब एलएचबी रैक वाले पुश-पुल ट्रेन सेट लाने की तैयारी में जुटी

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रेन सेट के बाद अब एलएचबी कोच के ट्रेन सेट बनाने की एक महत्वाकांक्षी योजना बनाई है जिसमें दोनों ओर 6000 हॉर्सपावर वाले पी.5 विद्युत इंजनों को लगाया जाएगा जिससे ट्रेन 160 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक गति से दौड़ने में सक्षम होगी।




उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार ये पुश.पुल ट्रेन सेट के लिए इंजन यानी लोकोमोटिव भी विशेष रूप से तैयार कराए जा रहे हैं। चितरंजन लोको कार्यशाला में इस पुश.पुल एलएचबी ट्रेन सेट का पहला प्रोटो टाइप इस वर्ष अक्टूबर नवंबर में तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रेन सेट में अंदर कोचों की संख्या या उनके प्रकार अलग अलग रह सकते हैं या उन्हें अलग अलग जरूरत के हिसाब से लगाया जा सकता है।सूत्रों ने बताया कि पूरे विश्व में दो प्रकार के ट्रेनसेट प्रचलन में हैं। एक डिस्ट्रीब्यूटेड पॉवर सिस्टम वाले जैसे वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेट जिसमें हर दूसरे या तीसरे कोच में मोटर लगी होती है और तीन या चार कोच पर एक पेंटोग्राफहोता है। दूसरे प्रकार का ट्रेन सेट पुश-पुलतकनीक पर आधारित है जिसमें दोनों छोरों पर दो इंजन होते हैं और बीच में कोच लगे होते है। फ्रेंच रेल टीजीवी एवं स्पेन की टैल्गो के ट्रेन सेट इसी पुश.पुल तकनीक पर आधारित हैं जबकि जापान की शिन्कान्सेन एवं चीनी ट्रेन सेट डिस्ट्रीब्यूटेड पॉवर सिस्टम वाले ट्रेन सेट हैं। पी.5 लोकोमोटिव की मुख्य विशेषता रिजनरेटिव ब्रेकिंग प्रणाली है। इस लोकोमोटिव की ब्रेकिंग प्रणाली में 160 किलो न्यूटन ;36000 पाउंड फोर्स रिजनरेटिव ब्रेक्स, लोको डिस्क ब्रेक, स्वचालित ट्रेन एयर ब्रेक और चार्ज स्प्रिंग पार्किंग ब्रेक लगे होते हैं।सूत्रों ने बताया कि देश में अब ट्रेन सेट को बढ़ावा दिया जा रहा है। वंदे भारत के ट्रेन सेट का निर्माण हो रहा है लेकिन भारतीय रेलवे में प्रचलित 36 हजार से अधिक एलएचबी कोचों में कुछ तकनीकी उन्नयन करके पुश-पुल तकनीक वाले ट्रेन सेट बनाए जाने की संभावना का अध्ययन करने के बाद इसे उपयुक्त पाया गया है।उन्होंने कहा कि एलएचबी कोच वाले ट्रेन सेट बनाने के लिए तीन तकनीकी बदलाव करने होंगे। पहला बदलाव स्वचालित द्वार लगानाए दूसरा.पुरानी डिज़ायन वाले कपलर्स को बदलकर वंदे भारत में उपयोग लाए जाने वाले आधुनिक कपलर्स लगाना और तीसरा उन्नयन. दो कोचों में कपलर्स के साथ एंटी क्लाइम्बर्स लगाना होगा। इस ट्रेन सेट में ब्रेक प्रणाली दरवाज़े और विद्युत केबलिंग में फेलसेफ प्रणाली लगाई जाएगी।उन्होंने कहा कि इस समय एलएचबी रैक में कपलर्स की गलत डिजायन के कारण गाड़ी के चलते समय बहुत झटके लगते हैं। वंदे भारत वाले कपलर्स लगाने से यह समस्या दूर हो जाएगी। एंटी क्लाइम्बर्स लगाने से दुर्घटना की दशा में कोच एक दूसरे पर चढ़ने से बच सकेंगे। स्वचालित होने से गाड़ी चलने पर दरवाजे बंद हो जाएंगे और गाड़ी रुकने पर भी खुलेंगे। इससे सुरक्षा एवं संरक्षा भी बढ़ेगी। तीन से चार साल में देश में केवल दो प्रकार के ट्रेन सेट चला करेंगे।

सूत्रों के कहा कि तेज गति से गाड़ियों का संचालन सुलभ करने के लिए संरक्षा के लिए कई काम हाथ में लिए गए हैं। पटरियों में भी बदलाव करने की योजना है। अभी तक 60 किलोग्राम वाली आर.260 पटरियां इस्तेमाल की जाती हैं लेकिन अब उन्नत आर.360 पटरियों को लगाने की योजना है। इन पटरियों का वजन तो 60 किलोग्राम होगा लेकिन उनकी ऊपरी सतह पर माइक्रो फ्रैक्चर की संभावना खत्म करने के लिए उसकी फोर्जिंग बढ़ाई जाएगी और अन्य धातुएं भी मिश्रित की जाएंगी। इससे पटरियों के टूटने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका खत्म हो जाएगी। कवच प्रणाली के लिए 3000 किलोमीटर के टेंडर जारी हो चुके हैं और काम चालू हो चुका है। अब 6000 किलोमीटर के लिए टेंडर जारी किए जा रहे हैं।

इसके अलावा मौजूदा पटरियों की सतह से माइक्रो फ्रैक्चर दूर करने के लिए ग्राइंडिंग करने और ग्राइंडिंग मशीनें खरीदने का इरादा है। सूत्रों के अनुसार इन उपायों से रेल दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सकेगी।

# मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न घुमाने के आरोप में अब तक 6 अरेस्ट




इंफाल। मणिपुर पुलिस ने चार मई को बी फीनोम गांव में भीड़ द्वारा दो महिलाओं को नग्न कर घुमाने में कथित संलिप्तता को लेकर अब तक एक किशोर सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक बयान के अनुसार राज्य पुलिस कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी करके शेष अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।इस बीच यहां स्थित टीजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने शनिवार को सरकार से इंफाल के रहने वाले दो स्कूली छात्रों ,एक छात्रा और एक छात्र का पता लगाने का आग्रह किया है। टीजी उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय की छात्राओं ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि एक सहपाठी को आखिरी बार छह जुलाई को देखा गया था। उन्होंने बताया कि छात्रा का मोबाइल फोन चुराचांदपुर जिले के लमदान में एक व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल किया गया था।मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इससे पहले कहा था कि तीन मई को चुराचांदपुर में एक रैली के बाद शुरू हुए मणिपुर संकट के बाद अब तक बड़ी संख्या में हत्याएं लापता मामले और उत्पीड़न के मामले सामने आए हैं। अब तक लगभग 145 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। लापता लोगों में सोमोरेंद्र नाम का एक पूर्व पत्रकार भी शामिल है।इस बीच राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों ने संवेदनशील तथा सीमावर्ती इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। इंफाल के कुछ हिस्सों में स्थिति अब भी तनावपूर्ण है। पुलिस ने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न प्रकार के कानूनों के उल्लंघन के सिलसिले में 396 लोगों को हिरासत में लिया गया है। चूंकि कांगपोकपी में राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध है इसलिए आवश्यक वस्तुओं के साथ एनएच.37 पर लगभग 839 वाहनों और एनएच.2 पर 215 वाहनों को मणिपुर लाने का प्रयास किया जा रहा है।

# टॉर्क मोटर्स ने जयपुर में लॉन्च किया पहला एक्सपीरियंस जोन

जयपुर। भारत की पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल निर्माता टॉर्क मोटर्स ने राजस्थान में प्रवेश की घोषणा करते हुए जयपुर में अपने पहले एक्सपीरियंस जोन का उद्घाटन किया है। अजमेर रोड सोडाला स्थित जी1-जी4 गीतांजलि टावर्स 3एस फैसिलिटी ब्रांड की क्रेटोस.आर मोटरसाइकिल का ठिकाना होगी और क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बिक्री एवं बिक्री के बाद की सेवाएं प्रदान करेगी।



नया एक्सपीरियंस जोन जयपुर शहर के ग्राहकों और संभावित ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेगा और राजस्थान राज्य में टॉर्क मोटर्स की उपस्थिति स्थापित करने में मदद करेगा। ग्राहक क्रेटोस.आर के करीब जा सकेंगे और व्यापक टेस्ट राइड्स के माध्यम से भारत की पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल का गहन अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।इस अवसर पर टॉर्क मोटर्स के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कपिल शेल्के ने कहा कि यह एक्सपीरियंस ज़ोन हमारी नेटवर्क विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह राजस्थान राज्य में हमारे प्रवेश का प्रतीक है। हम पेश किए गए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तत्पर हैं।

यह राज्य की राजस्थान इलेक्ट्रिक वाहन नीति ;आरईवीपी के अनुरूप ईवी दोपहिया वाहनों के लिए क्षेत्र की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। हमारी दृष्टि राज्य में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल के रोमांच के साथ.साथ टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देना है और इस फैसिलिटी के साथ हम टॉर्क समुदाय में अधिकाधिक उत्साहियों को जोड़ने के लिए तत्पर हैं।टॉर्क मोटर्स ने जनवरी 2022 में अपनी प्रमुख मोटरसाइकिल क्रेटोस.आर लॉन्च की थी। इसके लॉन्च के बाद से कंपनी को कई बुकिंग के माध्यम से अपनी स्वदेशी रूप से विकसित इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इस साल की शुरुआत में ऑटो एक्सपो में ब्रांड ने महत्वपूर्ण बदलावों के साथ नया क्रेटोस.आर पेश किया। मोटरसाइकिल में अब पूरी तरह से ब्लैक मोटर और बैटरी पैक के साथ.साथ बेहतर स्टाइल डिकल्स हैं और यह फास्ट.चार्जिंग पोर्ट के साथ आती है। यह मोटरसाइकिल पांच ट्रेंडी कॅलर्स में उपलब्ध हैए जिसमें ग्रे रंगों के साथ नया जेट ब्लैक भी शामिल है। 2999.' रुपए मासिक ईएमआई विकल्पों के साथ। टॉर्क मोटर्स ने क्रेटोस.आर को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रमुख वित्तीय संगठनों के साथ सहयोग किया है।

मौजूदा ग्राहक अलग राशि का भुगतान करके अपनी वर्तमान मोटरसाइकिल को अपग्रेड भी कर सकते हैं। उपभोक्ता कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट www.booking.torkmotors.com पर जाकर अपना क्रेटोस.आर ऑनलाइन बुक कर सकते हैं।

# सामान्य ज्ञान परीक्षा का पुनः आयोजन 30 जुलाई को होगा

## प्रतियोगी परीक्षा-2022 के लिए ग्रुप ए तथा ग्रुप बी की

अजमेर। राजस्थान लोकसेवा आयोग की ओर से वरिष्ठ अध्यापक ;माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा-2022 के लिए ग्रुप ए तथा ग्रुप बी की सामान्य ज्ञान परीक्षा का पुनः आयोजन एक ही दिन 30 जुलाई को किया जाएगा। अजमेर मुख्यालय पर आयोग सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि ग्रुप ए की परीक्षा सुबह 10 से 12 की पारी में तथा ग्रुप-.बी की परीक्षा दिन में 2.30 से 4.30 की पारी में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा से 60 मिनिट पूर्व प्रवेश दिया जा सकेगा। अभ्यर्थी अपने प्रवेशपत्र परीक्षा से तीन दिन पूर्व आयोग की वेबसाइट से ले सकेंगे।

गुप्ता ने अभ्यर्थियों से कहा है कि वे परीक्षा के सम्बंध में किसी तरह के प्रलोभन में नहीं आएं और कोई ऐसी परिस्थिति पैदा करे तो तुरंत उसकी शिकायत करें।

# ऑनलाईन पढाई जाएगी सिंधी भाषा

अजमेर। राजस्थान में अजमेर स्थित सिंधी समाज महासमिति के प्रकल्प सिंध इतिहास एवं साहित्य शोध संस्थान की ओर से अगले हफ्ते से सिंधी भाषा आनलाईन पढ़ाई जाएगी। दुनियाँ के किसी भी हिस्से में रहकर सिंधी सिखी जा सकेगी।

अजमेर में संस्थान अध्यक्ष कंवलप्रकाश किशनानी ने बताया कि अचो त सिन्धी सिखूं ;आओ तो सिन्धी सिखें के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म के फेसबुक तथा यूट्यूब के जरिये सिंधी भाषा का ज्ञान हासिल किया जा सकेगा।उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदन गूगल फार्म में उपलब्ध कराए जाएंगे। अभ्यर्थी उसे भरकर अपना पंजीयन करा सकेंगे। आनलाईन पढ़ाई का समय दोपहर 3 से 4 बजे का रहेगा।

# किशनगढ में अवैध हथियारों के साथ एक आरोपी अरेस्ट

अजमेर। राजस्थान में अजमेर जिले की गांधीनगर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने शनिवार को बताया कि गांधीनगर थानापुलिस के हत्थे चढ़ा चिताखेड़ा निवासी राजू के पास से पांच अवैध हथियार बरामद किए। इनमें 3 देशी कट्टे तथा 2 पिस्टल हैं साथ ही पांच जिन्दा कारतूस भी बरामद किए हैं।उन्होंने बताया कि आरोपी के सोशल मीडिया अकाउंट को खंगाला जा रहा है ताकि पता चले कि वह किसके लिए काम कर रहा है तथा हथियार की सप्लाई कहा करने जा रहा था। उन्होंने इस बात पर चिन्ता जाहिर की कि इसका कोई क्रिमिनल रेकॉर्ड नहीं है।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों अजमेर की रामगंज थानापुलिस न भी 10 अवैध हथियारों को बरामद किया था और उन आरोपियों का भी कोई क्रिमिनल रेकॉर्ड नहीं है। ये पुलिस के लिए चिन्ता का बड़ा कारण बताया जा रहा है।



## शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर पूरे किए 30 मिलियन फॉलोअर्स

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के फॉलोअर्स की संख्या इंस्टाग्राम पर 30 मिलियन हो गई है। शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर काफीएक्टिव रहती है। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर 30 मिलियन फॉलोअर्स पूरे कर लिए हैं। शिल्प ने एक वीडियो शेयर कर फैंस का आभार जताया है। शिल्पा शेट्टी ने अपने अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया और लिखा इस यात्रा को इतना यादगार बनाने के लिए मेरी सबसे प्यारी इंस्टाफैमिली आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं चाहती हूं कि मेरे 30 मिलियन.मजबूत रुइंस्टाफैम में से प्रत्येक को पता चले कि आप खास हैं मेरा दिल कृतज्ञता से भरा हुआ है। आप सभी को प्यार!



## कानूनी शिकंजे में फंसा छात्राओं से गंदी हरकत करने वाला प्रधानाध्यापक

हनुमानगढ़। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में रावतसर थाना क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक पर छात्रों को मोबाइल फेन पर अश्लील मैसेज भेजने तथा छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है।इसे लेकर आज बहुत से लोगों ने रावतसर में पुलिस थाना के सामने धरना. प्रदर्शन किया जिसके बाद प्रधानाध्यापक के खिलाफएक छात्रा के पिता द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।पुलिस के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चक 10.केआरडब्ल्यू के प्रधानाध्यापक गुरदयाल मेहरडा पर पोक्सो एक्ट तथा भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कार्यवाहक थाना प्रभारी ईमीचंद ने शुरू कर दी है। इस स्कूल में अध्यनरत 12वीं कक्षा की एक छात्रा के पिता ने रिपोर्ट दी है।पिता के अनुसार उसकी 16 वर्षीय पुत्री ने शुक्रवार सुबह बताया कि प्रधानाध्यापक गुरदयाल मेहरडा अपने मोबाइल से उसके मोबाइल फेन पर अश्लील मैसेज भेजता है तथा गलत चैटिंग करता है। वह विद्यालय में अध्यनरत अन्य बालिकाओं को भी अश्लील मैसेज भेजता है और छेड़खानी करता है। विद्यालय समय में विद्यालय में लगे कैमरा को बंद करके बच्चों को प्रधानाध्यापक अपने ऑफिस में बुलाकर अश्लील हरकतें करता है। वह बच्चों को ब्लैकमेल कर रहा है।


## बांग्लादेश बस जलाशय में गिरने से 17 लोगों की मौत 45 घायल

ढाका। बांग्लादेश के झालोकाटी जिले में शनिवार को एक बस सड़क से फिसलकर जलाशय में गिर गई जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए।जिले के पुलिस प्रमुख मोहम्मद अफरुजुल हक तुतुल ने मीडिया को बताया कि यात्री बस शनिवार सुबह राजधानी ढाका से लगभग 200 किमी दक्षिण में सड़क किनारे जलाशय में गिर गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

अधिकारी ने कहा कि सभी घायलों को स्थानीय अस्पतालों और क्लीनिकों में ले जाया गयाए जहां चार और लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। कई लोगों की हालत गंभीर है। अधिकारी के अनुसार चालक के वाहन से नियंत्रण खो देने से यह भीषण दुर्घटना हुई।

# झुंझुनूं में प्रेमिका की गला काटकर हत्या कर प्रेमी ने की सुसाइड

झुंझुनूं। राजस्थान में झुंझुनूं जिले के गुढागौड़जी थाना क्षेत्र के हांसलसर गांव में एक युवक ने अपनी प्रेमिका की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी तथा बाद में स्वयं ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब व्यवसायी सुरेश ;32 और युवती प्रियंका ;20 दोनों एक ही गांव के थे। शराब व्यवसायी शादीशुदा था। तीन साल पहले शादी हुई थी। शादी के एक साल बाद उसकी पत्नी छोड़कर चली गई थी। वहीं युवती बीएड की तैयारी कर रही थी।सुरेश और प्रियंका पिछले काफी समय से रिलेशन में थे। युवक शादी का दबाव बना रहा था। लेकिन युवती के घर वाले शादी को राजी नहीं थे। घरवाले युवती की शादी दूसरी जगह करना चाह रहे थे। युवक इस बात से नाराज बताया था। बताया गया कि



युवती अपने माता.पिता और बुआ के लड़के साथ एक कमरे में सो रही थी। शुक्रवार रात एक बजे सुरेश कमरे में पहुंचा और युवती पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवती के चिल्लाने पर परिजन बचाने दौड़े तो सुरेश मौके से फरार हो गया। परिजन युवती को नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालात गंभीर होने पर युवती को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में रेफर कर दिया। यहां युवती को मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह भी बीडीके अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी जुटाई। प्रेमिका की हत्या करने के बाद युवक बाइक पर सवार होकर अपने मामा के घर पहुंचा। वहां युवक ने फांसी का फंदा लगा लिया।

वहीं दूसरी तरफलड़की की हत्या की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। गांव वालों ने आरोपी सुरेश के बारे में जानकारी दी। उसके मोबाइल नंबर लेकर ट्रेस किए गए। आरोपी की लोकेशन बुगाला टावर छऊ गांव आई। पुलिस लोकेशन के आधार पर पहुंची तो वह घर उसके मामा का था। मकान में पुलिस गई तो आरोपी फांसी पर लटका हुआ था। यह मकान सुनसान था। जहां कोई नहीं रहता। शनिवार सुबह दस बजे के करीब पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर युवती का शव परिजनों को सौंप दिया।

# सावन मास –गुप्तकाशी के नाम से प्रसिद्ध है बेरासनाथ धाम

भदोही। यूपी के भदोही जिले में स्थित बेरासनाथ धाम श्रावण मास में शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। गुप्तकाशी के नाम से प्रसिद्ध इस पवित्र स्थल पर कांवरियों का सैलाब उमड़ रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर स्थित गुप्तकाशी का प्राचीन शिव मंदिर तमाम पौराणिक महामात्य व आध्यात्मिक लिहाज से ओतप्रोत है। मान्यता है कि गुप्तकाशी स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर का शिवलिंग सेमराध नाथ शिवलिंग की तरह कुएं में स्थित है।

मान्यता है कि एक बार वेदव्यास जी इसी पवित्र स्थल से गुजर रहे थे। रास्ते से गुजरते समय उन्हें यहां किसी दैवीय शक्ति का एहसास हुआ। फिर व्यास जी यही रुक कर कुएं में स्थित शिवलिंग की पूजा करने



में लीन हो गए। वेदव्यास ने इस पवित्र स्थल पर लंबे समय तक ध्यान साधना में लीन रहे। यही कारण है कि इस जगह का नाम व्यासपुर पड़ गया जो कालांतर में बेरासपुर के नाम से प्रसिद्ध हुआ।पौराणिक कथाओं के अनुसार स्थानीय लोगों ने कुएं में स्थित शिवलिंग को बाहर निकालने की इच्छा जताई लेकिन ऐसा कुछ संभव नहीं हो सकाए फिर श्रद्धालुओं ने कुएं को पाटकर पूजा पाठ करना शुरू कर दिया। शिवभक्त बाला प्रसाद पाल ने बेरासनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया। खुद के खर्च व स्थानीय लोगों के भारी भरकम सहयोग के वर्ष 1938 में यहां भव्य शिव मंदिर बनकर तैयार हो गया।बाबा बेरासनाथ धाम में वैसे तो पूरे वर्ष भर शिव भक्तों का तांता लगा रहता है।

लेकिन पवित्र सावन मास के आगाज के साथ कांवरियों का जत्था पहुंचना शुरू हो जाता है। तीर्थराज प्रयाग से गंगा जल भरकर काशी बाबा विश्वनाथ धाम जाते समय रास्ते में गुप्तकाशी स्थित बेरासनाथ धाम रूककर कावरिये जल अर्पण कर आगे बढ़ते हैं। मान्यता है बेरासनाथ धाम स्थित शिवलिंग के जल अर्पण व पूजा पाठ से भक्तों की इच्छित कामनाएं पूरी होती हैं।

# अंपायरिंग मानकों पर भड़कीं कप्तान हरमनप्रीत

ढाका। भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरा महिला एकदिवसीय मैच शनिवार को रोमांचक टाई पर समाप्त होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अंपायरिंग के मानकों की जमकर आलोचना की।

हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि इस मैच से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है। क्रिकेट के अलावा भी जिस तरह की अंपायरिंग हो रही थी हम बहुत हैरान थे। अगली बार जब हम बंगलादेश आयेंगे तो ध्यान रखेंगे कि हमें इस प्रकार की अंपायरिंग से निपटना होगा और उसके अनुसार खुद को तैयार करना होगा। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 225 रन बनाए। भारत के 226 रन के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान तीन विवादास्पद फैसले दिए गए। यास्तिका भाटिया सुल्ताना खातून की गेंद पर पगबाधा दिए जाने से हैरान रह गईए जबकि गेंद उनके पिछले पैर पर काफी ऊंची लगी थी। हैरान यास्तिका पवेलियन लौटने से पहले अपनी क्रीज में कुछ देर खड़ी रहीं। भारत की निराशा तब आसमान छू गई जब कप्तान हरमनप्रीत को पगबाधा आउट दिया गयाए जबकि उनके अनुसार गेंद उनकी बाजू से लगी थी।हरमनप्रीत ने कहा कि बांग्लादेश ने अच्छी और स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी की। उन्होंने लगातार सिंगल लिए जो महत्वपूर्ण थे। बीच में हमने कुछ रन लुटाए लेकिन जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने खेल पर बहुत अच्छी तरह से नियंत्रण किया लेकिन जैसा कि मैंने पहले बताया था कि कुछ खराब अंपायरिंग निर्णय लिए गए और हम अंपायरों द्वारा दिए गए कुछ फैसलों से वास्तव में निराश हैं।

भारत के जख्मों पर नमक तब छिड़का गया जब दोनों टीमों के स्कोर बराबर थे और एक गेंद को कट करने की कोशिश करते समय मेघना सिंह को विकेट के पीछे कैच आउट करार दिया गया। मेघना इस फैसले से स्पष्ट रूप से निराश थी लेकिन अंपायर के सर्वोपरि फैसले के कारण मुकाबला टाई पर समाप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि भारत के पूरे बांग्लादेश दौरे के लिए डीआरएस ;निर्णय समीक्षा प्रणाली की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ;आईसीसी के नियमों के अनुसार मुकाबला टाई होने के बाद सुपर ओवर होना था लेकिन निर्धारित समय समाप्त होने के कारण ऐसा नहीं हो सका।

# TORK MOTORS EXPANDS TO RAJASTHAN, LAUNCHES FIRST EXPERIENCE ZONE IN JAIPUR

This marks brands entry into the state of Rajasthan making it the7th state with TORK's presence– The 3S facility is located at Sodala area and will cater to TORK Motors' customers in and around the city for sales and after sales requirementsJaipurl TORK Motors, India's first electric motorcycle manufacturer, has inaugurated their first Experience Zone in Jaipur announcing its entry into the state of Rajasthan. Located at G1-G4, Gitanjali Towers, Ajmer Road, Sodala, this 3S facility will be home to the brand's KRATOS-R motorcycle and will offer sales and after sales services to consumers in the region.The new Experience Zones will cater to the customers and potential customers in the city of Jaipur and help establish TORK Motors' footprint in the state of Rajasthan. Customers will be able to get up-close with the KRATOS-R and gain an immersive experience of India's first electric motorcycle through comprehensive test rides.On this occasion, Kapil Shelke, Founder & CEO, TORK Motors, said, "This Experience Zone is a significant milestone in our network expansion strategy as it marks our entry in to the state of Rajasthan. We look forward to capitalising on opportunities offered by the state's Rajasthan Electric Vehicle Policy (REVP) and catering to the region's rising demand for EV two-wheelers. Our vision is to promote sustainable mobility along with the thrill of electric motorcycling in the state, and with this facility, we look forward to adding more enthusiasts to the TORK community."TORK Motors launched its flagship motorcycle KRATOS-R in January, 2022. Since its launch, the company has received an overwhelming response to their indigenously developed electric motorcycles through numerous bookings. Earlier this year at the Auto Expo, the brand introduced the refreshed KRATOS-R, with significant changes. The motorcycle now boasts a completely black motor and battery pack along with stylish decals for enhanced styling and comes with a fast-charging port. The motorcycle is available in five trendy colours, including the new Jet black with grey hues. With EMI options starting as low as INR 2,999/-* a month, TORK Motors has collaborated with leading financial organizations to make the KRATOS-R accessible to all.Existing customers can also upgrade their current motorcycle by paying a differential amount. Consumers can book their KRATOS-R online by visiting the company's official website at www.booking.torkmotors.com



हिन्दुस्तान पेट्रोलियम
HP

# स्वास्तिक मोटर्स

एच.पी पेट्रोल पंप
आगरा गेट के पास जयपुर रोड अजमेर
मोबाइल . 9414004687

डीलर पार्टनर राजेश अंबानी

सन् 1958 से आज तक ग्राहकों का भरोसा
ईमानदारी हमारी पहचान

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम
HP

# श्रीबालाजी फ्यूल्स

एच.पी. पेट्रोल पंप
बाघसुरी गांव मसूदा रोड नसीराबाद
मोबाइल - 9887907277, 9414534529

डीलर - बबिता टांक

सेवा का मौका देवें
आपका विश्वास ही हमारी पूंजी
1 नंबर पेट्रोल पंप, 1 नंबर फ्यूल






## वादाखिलाफी कर सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस को जनता सिखाएगी सबक -प्रहलाद जोशी

अजमेर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी एवं केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस आती है तो भ्रष्टाचार और कुशासन साथ लाती है और वर्तमान कांग्रेस शासन इसका प्रमाण है।

जोशी शनिवार को अजमेर में भाजपा कार्यालय पर संभाग स्तरीय बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वादाखिलाफी कर सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस को इस बार जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान महिला अपराध और भ्रष्टाचार में पहले स्थान पर है। महिलाओं पर अत्याचार उत्पीड़न की घटनाएं यहां सर्वाधिक है सरकार में रहते उनके अपने विधायक ने भी इस मामले में स्वीकारोक्ति की है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के पेपर लीक घटनाओं में आरपीएससी तथा बोर्ड के सदस्य एवं अध्यक्ष की लिप्तता सामने आ रही है। सरकार ने बेरोजगार युवाओं के साथ छलावा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन में चुनाव के लिए विशेष रणनीति बनाई जा रही हैए जिस पर काम चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस एक बार फिर रेवड़ियां बांटकर सत्ता हथियाने की जुगत में है लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। जनता सब समझ रही है।जोशी ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन में राजस्थान में अराजकता का बोलबाला है। बदमाशों का कहर जारी है। जनता डर के वातावरण में जीने को मजबूर है। राजस्थान में बढ़ते अपराधए यहां की निकृष्ट सरकार की निष्क्रियता की ही देन है। अब जनता इस गहलोत सरकार को सबक सिखाने को तैयार बैठी है।

प्रदेश मंत्री व अजमेर संभाग सह प्रभारी विजेंद्र पूनिया ने विधानसभा वार बूथ समितियों व सरल पोर्टल पर कार्य अपलोड का व्रत लिया। पूनिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुशासन में रक्षक ही भक्षक बने बैठे हैं।

बैठक में अजमेर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सोनी प्रशांत मेवाडा, राजेन्द्र परांडा, गजेंद्र सिंह ऑडिट, मोहन राम चौधरी, देवीशंकर भूतड़ा, जिला प्रभारी वीरमदेव सिंह, भागीरथ चौधरी, सुभाष बेहडिया, वासुदेव देवनानी, ओंकार सिंह लखावतए सुरेश रावत, अनिता भदेल, वंदना नोगिया, सरिता गेना, शंकर रावत, कन्हैया लाल चौधरी, दिनेश राठौड़, पुखराज पहाड़िया, अरविन्द यादव, नरेश कनोजिया, भारती श्रीवास्तव, करतार चौधरी, अजय सिंह किलक आदि उपस्थित रहे।

जनता के बीच फेलियर कार्ड वितरितः-प्रहलाद जोशी ने बैठक में नहीं सहेगा राजस्थान कैंपेनिंग को लेकर विधानसभा वार चर्चा की साथ ही आगामी 1 अगस्त को जयपुर चलो अभियान में प्रत्येक शक्ति केंद्र से एक बस के लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा हुईए साथ ही विधानसभा वार राजनीतिक स्थितियों को लेकर सभी से विचार विमर्श किया।

जोशी व कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने नया बाजार स्थित राजकीय संग्रहालय से पुरानी मंडी मदार गेट में जनसंपर्क कर कांग्रेस के कुशासन का फेलियर कार्ड व्यापारियों व जन.जन के बीच वितरित किए। कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त लोगों ने केंद्रीय मंत्रियों को कांग्रेस के खिलाफ शिकायत पत्र दिए। इस मौके पर सांसद भागीरथ चौधरीए विधायक वासुदेव देवनानी एवं अनिता भदेल शहर अध्यक्ष रमेश सोनी आदि मौजूद थे।

## नर्सिंग विद्यार्थियों ने किया नियमित योग का संकल्प

अजमेर। महाराणा प्रताप नगर स्थित मित्तल कॉलेज आफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने नियमित योग का संकल्प किया है। विद्यार्थियों को शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे जगदम्बा योग केंद्र कोटड़ा के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ कैलाश गोयल ने योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण देकर यह संकल्प कराया।

कॉलेज के प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि नर्सिंग विद्यार्थियों को रोगी की कुशलता से देखरेख करते हुए बहुत ही कठोर श्रम,साधना करनी होती है। दिनभर की दौड़ भाग में कई बार नर्सिंग विद्यार्थी शरीर से थकान महसूस करते हैं। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की प्राथमिक जरूरत है योग एवं प्राणायाम ही है। योग से शरीर तो चुस्त व दुरुस्त होता ही है मन और मस्तिष्क भी सकारात्मक उर्जा से भर जाता है।उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मित्तल हॉस्पिटल के सीईओ एसके जैन का भी विद्यार्थियों को सान्निध्य मिला उन्होंने स्वयं योग कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। योग प्रशिक्षक डॉ कैलाश गोयल ने नर्सिंग विद्यार्थियों को प्रारंभ में सामान्य व्यायायाम की तकनीक को समझाया। विद्यार्थियों को उनके लिए जरूरी योग आसन एवं मुद्राओं की सूक्ष्मता से जानकारी दी और उन्हें करने की विधि समझाई।डॉ कैलाश गोयल ने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वे व्यस्त दिनचर्या बिताते हुए भी नियमित रूप से स्वयं के लिए आधा घंटा निकाल कर अपने जीवन में योग प्रणायाम अपनाएं। अन्त में योग प्रशिक्षक डॉ कैलाश गोयल का मित्तल नर्सिंग कॉलेज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजयसिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड, अजमेर 305001 से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजयसिंह मो. 9887907277